अनुक्रमांक ..........................

बोर्ड पूर्व परीक्षा जनवरी 2025

कक्षा-12

विषय- हिन्दी (कोर)

समय- 3 घंटे

कुल अंक- 80

**सामान्य निर्देश -**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड है- खण्ड (अ) और खण्ड (ब)।
2. खंड (अ) में बहुविकल्पीय और खंड (ब) में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।
3. खण्ड अ में कुल 6 प्रश्नों के 30 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए हैं।
4. खंड ब में कुल 9 प्रश्न हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की कुल संख्या 15 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
6. प्रश्नों का उत्तर लिखते समय प्रश्न क्रम संख्या अवश्य लिखें।
7. सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।

## खण्ड-अ

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**प्रश्नः 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखें।**

5x1=5

भारत में हरित क्रांति का मुख्य उद्देश्य देश को खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बनाना था लेकिन इस बात की आशंका किसी को नहीं थी कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुध इस्तेमाल न सिर्फ खेतों में बल्कि खेतों से बाहर मंडियों तक में होने लगेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग खाद्यान्न गुणवत्ता के लिए सही नहीं हैं लेकिन जिस रफ्तार से देश की आबादी बढ़ रही है,उसके मद्देनजर फसलों की अधिक पैदावार जरूरी थी। समस्या सिर्फ रासायनिक खादों के प्रयोग की ही नही है। देश के ज्यादातर किसान परम्परागत कृषि से दूर होते जा रहे हैं।दो दशक पहले तक, हर किसान के यहां गाय, बैल और भैंस खूँटों से बंधे मिलते थे। इन मवेशियों की जगह ट्रेक्टर-ट्रॉली ने ले ली है। परिणामस्वरूप गोबर और घूरे की राख से बनी कम्पोस्ट खाद खेतों में गिरनी बंद हो गई । पहले चैत-वैसाख में गेहूँ की फसल कटने के बाद किसान अपने खेतों में गोबर, राख और पत्तो से बनी जैविक खाद डालते थे। इससे न सिर्फ खेतों की उर्वरा- शक्ति बरकरार रहती थी,बल्कि इससे किसानों को आर्थिक लाभ के अलावा बेहतर गुणवत्ता वाली फसल मिलती थी।

**(i) हरित क्रांति अपने साथ क्या नहीं लाई?**

(क) खाद्यान्न के लिए आत्मनिर्भरता

(ख) रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक

(ग) परंपरागत-खेती से किसानों की दूरी

(घ) बेहतर गुणवत्ता वाली फसल।



Downloaded from www.cclchapter.com

**(ii) गोबर खाद की विशेषता है-**

(क) जैविक है और उर्वरा शक्ति को बनाए रखती है।

(ख) किसान की सर्वाधिक पसंद है।

(ग) गाँव में गोबर आसानी से मिलता है।

(घ) मंडी तक ले जाई जा सकती है।

**(iii) रासायनिक खाद की विशेषता नहीं है-**

(क) पैदावर बढ़ाना

(ख) खाद्यान्न की गुणवत्ता बढ़ाना

(ग) सस्ता होना

(घ) सहज उपलब्ध होना

**(iv) रासायनिक खाद के अतिरिक्त किस प्रमुख समस्या का उल्लेख है?**

(क) किसानों का परम्परागत कृषि से दूर होना।

(ख) फसल बिक्री के लिए मंडी उपलब्ध न होना

(ग) ट्रैक्टर का बढ़ता उपयोग

(घ) खेतों की उर्वरा शक्ति नष्ट होना।

**(v) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक हो सकता है-**

(क) हरित क्रांति

(ख) परमारागत कृषि

(ग) जहरीले कीटनाशक

(घ) गुणकारी फसल

**प्रश्न-2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **5x1= 5**

वह तोड़ती पत्थर
देखा मैंने इलाहाबाद के पथ पर-
वह तोडती पत्थर
कोई न छायादार,
पेड़ वह जिसके तले बैठी स्वीकार,
श्याम तन, भर बंधा यौवन,
नत नयन, प्रिय-कर्मरत मन।
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार-बार प्रहार,
सामने तरू-मालिका अट्टालिका, प्राकार।
चढ़ रही थी गर्मियों के दिन,
दीवा का तमतमाता रूप
उठती झुलसाती हुई लू
रूई ज्यों जलती हुई भू,



Downloaded from www.cclchapter.com

गर्द चिनगी छा गई,
प्राय: हुई दोपहर
वह तोड़ती पत्थर।

(i) प्रस्तुत काव्यांश के आधार पर बताएँ कि दोपहर का वातावरण कैसा था?

(क) हल्की हवा चल रही थी
(ख) आकाश में मेघ छाए थे।
(ग) लू चल रही थी
(घ) धूप कम थी

(ii) 'नत नयन, प्रिय कर्मरत मन' से अभिप्राय है-

(क) नयन सुंदर होने के कारण झुककर काम कर रही थी।
(ख) वह कमजोर थी।
(ग) नयन का झुकना स्वाभाविक है।
(घ) झुके हुए सुंदर नयन, कर्म में लीन है।

(iii) भूमि किसके समान जल रही थी?

(क) रूई के समान
(ख) तवे के समान
(ग) अंगीठी के समान
(घ) रह-रहकर जल रही थी।

(iv) प्रस्तुत काव्यांश का उचित शीर्षक क्या है

(क) चढ़ती दोपहर
(ख) झुलसाती लू
(ग) मेहनती मजदूर
(घ) तोड़ती पत्थर

(v) कथन (अ) झुके हुए सुंदर नेत्रों वाली स्त्री कार्य में व्यस्त थी।
कथन (ब) अधिक सुंदर होने के कारण वह स्त्री चारों ओर देख रही थी।

(क) कथन (अ) गलत है किंतु कारण (ब) सही है।

(ख) कथन (अ) और कथन (ब) दोनों गलत है।

(ग) कथन(अ) सही है और कारण (ब) कथन (अ) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (अ) सही है किंतु कारण (ब) कथन (अ) की सही व्याख्या नहीं है।

**प्रश्न-3 काव्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** 5x1= 5

**(i) भाषा को घुमाने फिराने से बात कैसी हो जाती है?**

(क) पेचीदा
(ख) सरल
(ग) दिव्य
(घ) सौम्य

**(iii) 'रूबाइयाँ' के रचयिता का क्या नाम है?**

(क) उमाशंकर जोशी
(ख) फ़िराक गोरखपुरी
(ग) हरिवंशराय बच्चन
(घ) सूर्यकांत त्रिपाठी'निराला'



Downloaded from www.cclchapter.com

(iv) 'बादल राग' कविता में जीर्ण बाहु है शीर्ण शरीर, शब्दों का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

(क) शोषक वर्ग के लिए

(ख) शोषित वर्ग के लिए

(ग) बादलों के लिए

(घ) किसान वर्ग के लिए

(iv) पतंगबाज किसके सहारे उड़ते दिखाए गए है?

(क) धागे के सहारे

(ख) पतंग के सहारे

(ग) रंध्रों के सहारे

(घ) उंगलियों के सहारे

(v) 'एक गीत' कविता में मुझसे मिलने को कौन विकल ? - पंक्ति किस भाव को व्यक्त करती है?

(क) प्रसन्नता

(ख) हताशा

(ग) व्याकुलता

(घ) आश्चर्य

प्रश्न-4 गद्य पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5x1= 5

(क) किस क्रांति में 'समता" शब्द का नारा लगाया गया था?

(क) रूसी क्रांति में

(ख) फ्रांसीसी क्रांति में

(ग) जर्मन क्रांति में

(घ)जापानी क्रांति में

(ii) 'उमस और लू में' कौन सा पेड़ कालजयी अवधूत की भांति अजेय है?

(क) पलाश

(ख) शिरीष

(ग) गुलाब

(घ) गुलमोहर

(iii) लुट्टन ने किसकी प्रेरणा से कुश्ती में विजय प्राप्त की?

(क) राजा साहब की

(ख) गांव के लोगों की

(ग) ढोलक की

(घ) पंचायत की

(iv) बाज़ार में जादू को कौन-सी इन्द्रिय पकड़ती है?

(क) आँख

(ख) नाक

(ग) हाथ

(घ) मुँह

(v) जैनेन्द्र कुमार के मित्र ने बाज़ार को क्या संज्ञा दी?

(क) शैतान का जाल

(ख) जी का जंजाल

(ग) आलवा

(घ) प्रगतपाल

प्रश्न-5 अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5x1= 5

(i) किसी समाचार संगठन में काम करने वाला नियमित वेतनभोगी कर्मचारी क्या कहलाता है?

(क) पूर्णकालिक पत्रकार

(ख) अंशकालिक पत्रकार

(ग) फ्रीलांसर पत्रकार

(घ) पत्रकार

Downloaded from www.cclchapter.com

(ii) फीचर लेखन का उद्देश्य क्या है?

(क) पाठकों को सूचना देना

(ख) शिक्षित करना

(ग) मनोरंजन करना

(घ) उपर्युक्त सभी

(iii) एशिया की सबसे बड़ी समाचार समिति कौन-सी है?

(क) पी. टी .आई

(ख) पी.टी.सी

(ग) पी. टी.ई.

(घ) यू.एन.आई.

(iv) भारत की प्रमुख वेबसाइट कौन-सी है?

(क) रीडिफ डॉट कम

(ख) इंडिया इन्फोलाइन

(ग) सीफ़ी

(घ) उपर्युक्त सभी

(v) संपादकीय क्या है?

(क) समाचार पत्रों में विशेष लेखन

(ख) मनोरंजन संबंधी लेख

(ग) जाँच समितियों की रिपोर्टस

(घ) वह लेख जिसमें मुद्दे के प्रति समाचार पत्र की अपनी राय प्रकट होती है।

प्रश्न- 6 व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5x1= 5

(i) निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए -

(क) कृपया करके मुझे यह काम करने दो।

(ख) कृपया मुझे यह काम करने दो।

(ग) कृपया यह काम मुझे करने दो।

(घ) कृपा यह काम मुझे करने दो।

(ii) तिरस्कार" शब्द का सन्धि-विच्छेद है-

(क) तिर+ कार

(ख) तिर: + कार

(ग) तिरस् + कार

(घ) तिरक + र

(iii) अश्वमेध में कौन-सा समास है?

(क) द्विगु समास

(ख) अव्ययीभाव समास

(ग) बहुव्रीही समास

(घ) तत्पुरुष समास



Downloaded from www.cclchapter.com

(iv) निम्नलिखित में से गुण संधि का सही उदाहरण है -

(क) स्वच्छंद

(ख) महोदय

(ग) दुर्बल

(घ) हिमालय

(v) 'पुत्ररत्न 'शब्द का उचित विग्रह का चुनाव कीजिए-

(क) पुत्र और रत्न

(ख) पुत्री रूपी रत्न

(ग) पुत्र रत्न है जिसका

(घ) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड-ब

## वर्णनात्मक प्रश्न

**प्रश्न-7 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।** 5

कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने

कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने

बाहर भीतर

इस घर, उस घर

कविता के पंख लगा उड़ने के माने

चिड़िया क्या जाने?

**अथवा**

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गएप्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

आँगन में ठुनक रहा है जिद्याया है

बालक तो हई चाँद पै ललचाया है

दर्पण उसे दे के कह रही है माँ

देख आईने में चाँद उतर आया है

(i) कवि और कविता का नाम लिखिए। 1

(ii) बालक के ठुनकने तथा जिद्द करने के ढंग का वर्णन कीजिए। 1

Downloaded from www.cclchapter.com

(iii) कवि ने बाल मनोविज्ञान का किस प्रकार उद्घाटन किया है? 1

(iv) माँ चाँद को कैसे दर्पण में उतारकर अपने नन्हे बेटे को दिखाती है? 1

(v) इस काव्यांश में किस रस का परिपाक हुआ है? 1

**प्रश्न-8 काव्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए।**

(क) 'उषा' कविता में निहित प्रकृति-सौंदर्य की विवेचना कीजिए। 3

(ख) 'दिन जल्दी- जल्दी ढलता है' कविता के आधार पर आशा और निराशा के क्रम को स्पष्ट कीजिए - 2

**प्रश्न-9 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।** 5

यहाँ मुझे ज्ञात होता है कि बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है। और जो वे नहीं जानते हैं कि वह क्या चाहते हैं 'अपनी पर्चेजिंग पावर' के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति - शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाज़ार को देते है। न तो वे बाज़ार से लाभ उठा सकते है,न उस बाज़ार को सच्चा लाभ दे सकते हैं। वे लोग बाज़ार का बाज़ारूपन बढ़ाते हैं। जिसका मतलब है कि कपट को बढाते हैं। कपट की बढती का अर्थ परस्पर में सद्भाव की घटी।

**अथवा**

ऐसी स्थिति में, राजनीतिज्ञ को अपने व्यवहार में एक व्यवहार्य सिद्धांत की आवश्यकता रहती है और यह व्यवहार्य सिद्धांत यही होता है कि सब मनुष्यों के साथ समान व्यवहार किया जाए। राजनीतिज्ञ यह व्यवहार इसलिए नहीं करता कि सब लोग समान होते, बल्कि इसलिए कि वर्गीकरण एवं श्रेणीकरण संभव होता।

(i) पाठ और लेखक का नाम लिखिए। 1

(ii) राजनीतिज्ञ को किसकी आवश्यकता होती है? 1

(iii) राजनीतिज्ञ को सबके साथ समान व्यवहार को व्यवहार्य क्यों कहा है? 1

(iv) लेखक नें किसं सिद्धान्त और व्यवहार को व्यवहार्य कहा है? 1

(v) राजनीतिज्ञ, सब मनुष्यों के साथ एक समान व्यवहार क्यों नहीं कर पाता? 1

**प्रश्न-10 गद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार दीजिए-**

(क) 'काले मेघा पानी दे' संस्मरण का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) लुट्टन पहलवान ने ऐसा क्यों कहा होगा कि मेरा गुरू कोई पहलवान नहीं, यही ढोल है? 2

Downloaded from www.cclchapter.com

प्रश्न-11 निम्न प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। 5

कहानी को नाटक में किस प्रकार रूपांतरित किया जा सकता है? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'विकास के पथ पर भारत' पर एक रचनात्मक लेख लिखिए।

प्रश्न -12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार दीजिए।

(क) इंटरनेट पत्रकारिता सूचनाओं को तत्काल उपलब्ध कराता है परन्तु इसके साथ ही उसके कुछ दुष्परिणाम भी है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) रेडियो नाटक का आरम्भ कैसे हुआ? 2

प्रश्न-13 वितान भाग-2 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार दीजिए।

(क) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के आधार पर यशोधर बाबू की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 3

(ख) 'जूझ' कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट करें। 2

(ग) सिंधु सभ्यता की खूबी उसका सौन्दर्य बोध है जो राजपोषित या धर्म-पोषित न होकर समाज-पोषित था। ऐसा क्यों कहा गया? 2

प्रश्न -14 व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार दीजिए -

(क) (i)उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए। 2

(ii) 'लाली मेरे लाल की जित देखू तित लाल' 1

लाली देखन मैं गई मैं भी हो गई लाल' में अलंकार स्पष्ट कीजिए।

(ख) गुण संधि को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए। 2

प्रश्न- 15 आदर्श जीवन मूल्य(उत्तरा) पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार दीजिए।

(क) गीता की व्यावहारिक सोच मनुष्यों के लिए किस प्रकार लाभकारी है? 2

(ख) कार्य में कुशलता लाएं? पाठ के आधार पर बताइएं कि प्रेम और मोह में क्या अन्तर है? 2

(ग) शिक्षा के क्षेत्र में दुर्गा देवी का क्या योगदान रहा। 2

(घ) हेमू को 'विक्रमादित्य' की उपाधि से कब नवाजा गया? 2



Downloaded from www.cclchapter.com